हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 7.8 डिग्री

11 जिला कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ को लेकर किया प्रदर्शन



12 दो दिनों से जरूरी प्रमाण पत्र पर लगे ब्रेक, 300 रजिस्ट्री भी...



## खबर संक्षेप

### ध्यान और प्रेम रस पर आधारित ध्यान सत्र कल

**हिसार।** वर्तमान परिवेश में घृणा, तनाव और द्वेष से घिरे इंसान को सही राह दिखाने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 8 फरवरी को ध्यान सत्र का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में ध्यान और प्रेम रस का महत्व समझाया जाएगा। इस अवसर पर ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ध्यान की विधियों के बारे में बताकर उनका अभ्यास करवाएंगे।

### सेक्टर 16-17 में मुफ्त रक्त जांच शिविर आज

**हिसार।** सेक्टर-16-17 स्थित सती माता मंदिर के साथ लगते पार्क में शनिवार और रविवार को फ्री रक्त जांच शिविर लगेगा। जांच में ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड व कैल्शियम जांच शामिल है। टाटा वनएमजी लैब, सेक्टर-13 के संचालक परमवीर न्योलिया ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिक को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

## ब्लाइंड मर्डर का खुलासा: पहले तेजधार हथियार से हमला किया, विरोध करने पर मारी थी गोली

# जेवर लूटने के इरादे से सैलून संचालक ने की थी प्रॉपर्टी डीलर मलिक की हत्या

**सोने का कड़ा, चेन व अंगूठी पहने देख ईमान डोला तो बनाई लूट की योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एचएसवीपी सेक्टर-6 स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में माया प्रॉपर्टीज के संचालक व सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सुभाष मलिक की हत्या लूट के इरादे में की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने सुभाष मलिक को सैलून में सोने की चेन, अंगूठी और कड़ा पहने हुए देखा था। इसके बाद उन्होंने उनकी गतिविधियों की रेकी की और उन्हें आसान शिकार मानते हुए वारदात की योजना बनाई। 3 फरवरी की सुबह आरोपी सोने के आभूषण लूटने के इरादे से सुभाष मलिक के कार्यालय में घुसे। लूट का विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर तेजधार हथियार से हमला किया। इसके बावजूद जब वे आभूषण नहीं लूट पाए तो आरोपियों ने सुभाष मलिक को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। इस पूरे मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किया।

### यूं दिया वारदात को अंजाम

पुलिस अधीक्षक के अनुसार आरोपी गुरमीत करीब डेढ़ माह पहले छतरपुर (मध्य प्रदेश) घूमने गया था, जहां उसकी दोस्ती पवन, महेंद्र, संजू और आकाश से हुई। इसके बाद सभी आरोपी मोबाइल फोन के जरिए लगातार संपर्क में रहे। करीब 7–8 दिन पहले सभी आरोपी गुरमीत के मकान पर रुके थे। गुरमीत रोहतक जिले के गांव भैणी महाराजपुर का निवासी है और उसका एचएसवीपी सेक्टर-6 के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में हेयर सैलून है। सुभाष मलिक अक्सर उसकी दुकान पर शेविंग व कटिंग के लिए आता था। इसी दौरान गुरमीत ने उसके सोने के आभूषण लूटने की योजना बनाई और इसमें मध्य प्रदेश के रहने वाले व हांसी में बिजली का काम करने वाले पवन, महेंद्र व आकाश को शामिल किया। सुभाष मलिक के घर व ऑफिस के नजदीक होने के कारण आरोपियों ने पहले रैकी की। 3 फरवरी की सुबह संजू ने सुभाष को ऑफिस जाते देखा और अन्य आरोपियों को बुलाया। योजना के तहत तेजधार हथियार से हमला किया गया, लेकिन जब सुभाष मलिक ने जेवर आसानी से नहीं दिया तो आरोपियों ने उसे गोली मार दी, जो उसकी गर्दन को चीरकर निकल गई। इसके बाद आरोपियों ने उसकी सोने की चेन व अंगूठी लूट ली, लेकिन कड़ा नहीं निकाल पाए।



हांसी। घायल आरोपी गुरमीत को लेकर जाती पुलिस।

### हत्या कर भाग गया था दिल्ली: एसपी



एसपी ने बताया कि वारदात के बाद चारों आरोपी अपने कमरे पर गए और वहां से गुरमीत तीनों आरोपियों को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर श्री काली देवी मंदिर चौक आया और वहां से उनको बस में बैठाकर खुद भी दिल्ली भाग गया। एसपी ने बताया कि पूर्व पंचायत सेक्रेटरी व प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस की 19 टीमों ने घटनास्थल से दो किलोमीटर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा घटनास्थल के आस-पास उस वक्त सक्रिय करीब 4000 मोबाइल फोनों का डाटा खंगाला। संदेह के आधार पर पूछताछ शुरू की गई तो गुरमीत ने फोन नहीं उठाया।

### पुलिस को देखकर फ्लाइओवर से कूदा, टांग में हुआ फ्रेक्चर

जब गुरमीत के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की गई तो यह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शेखपुरा फ्लाइओवर की मिली। इसके बाद जब पुलिस टीम उससे पूछताछ के लिए मौके पर पहुंची तो वह पुलिस को देखकर फ्लाइओवर से नीचे कूद गया, जिससे इसकी टांग में फैक्चर हो गया। पुलिस ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महाराजा अग्रसेन अस्पताल अग्रोहा रेफर कर दिया। एसपी ने बताया कि गुरमीत के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उसे गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की जाएगी और वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वारदात में संलिप्त तीनों आरोपी अपने-अपने ठिकानों पर पहुंच गए हैं। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम भेजी गई है। उनकी गिरफ्तारी के बाद सोने के आभूषण व हथियार बरामद किए जाएंगे। गुरमीत से की गई प्राथमिक पूछताछ के अनुसार चारों आरोपितों का कोई क्रिमिनल बैकग्राउंड नहीं है। चारों की उम्र 20-25 वर्ष है।

# स्टेशन के पास होटल में मृत मिला युवक हत्या की आशंका



हिसार। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते हुए।

- जोमेटो ब्वाय का काम करता था उमेद विहार कॉलोनी निवासी विजय, जांच में जुटी पुलिस

**हिसार।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में जोमेटो ब्वाय का शव मिला है। मृतक की पहचान शहर की उमेद विहार कॉलोनी निवासी विजय के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि उमेद विहार कॉलोनी निवासी लगभग 31 वर्षीय विजय जोमेटो ब्वाय के रूप में काम करता था। वह पिछले पांच-छह दिनों से होटल में रुका हुआ था। शुक्रवार को जब काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल के सफाई कर्मी ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर होटल संचालक ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही एचटीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया, जहां विजय का शव फर्श पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में उसके सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। एचटीएम थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिले के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल, पुलिस होटल स्टाफ और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, साथ ही होटल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। परिजनों से भी पुलिस जानकारी ले रही है।

# उपचार के दौरान युवक की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

- परिजन बोले- एक्सपायरी डेट का टीका लगाने से गई बेटे की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड़ स्थित दयाल सिंह कॉलोनी निवासी एक युवक की उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितयों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने सिसाय पुल के पास स्थित एक नर्सिंग होम के चिकित्सक पर लापरवाही और एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के पिता बलबीर की शिकायत के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में बलबीर ने बताया कि उसके 22 वर्षीय बेटे करमद्दीन को हल्की सर्दी-जुकाम की शिकायत थी। उसे उपचार के लिए 2 फरवरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाकर आए थे। पिता बलबीर ने बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद करमद्दीन की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी।

बलबीर ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हालत बिगड़ने के बाद चिकित्सक द्वारा उसे समय पर उचित उपचार नहीं दिया और गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे उसकी मौत हो गई।

### पिछले महीने ही हुई थी करमद्दीन की शादी




मृतक के पिता बलबीर का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण और संभवतः एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने से उसके बेटे की जान चली गई। करमद्दीन की शादी इसी साल 4 जनवरी 2026 को हुई थी। वह अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। किला बाजार चौकी से एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया है। उन्होंने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# निगम ने एमसी-डीसी कॉलोनी में कब्जे हटाने के लिए करवाई मुनादी

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। निगम के कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैण्ड के आस-पास क्षेत्र, फिर राजगुरु मार्केट व इसके बाद टीम ने तलाकी गेट से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाया।

इसके अलावा बरवाला चुंगी पुल के नीचे से अतिक्रमण हटाया गया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि निरंकारी भवन रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा टीम ने एमसी डीसी कॉलोनी मार्केट में मुनादी करके मार्केट दुकानदारों को सामान दुकान की परिधि में ही रखें।





# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style

# यामी

## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर' 2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा' स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे। 'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...

**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

खबर संक्षेप

## गुजवि टीम ने जाट कॉलेज का दौरा किया

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के इंस्पेक्शन के संबंध में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की टीम ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर का दौरा किया। महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं इंस्पेक्शन कमेटी संयोजक डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत चल रहे पांच अंडरग्रेजुएट एवं पांच पोस्टग्रेजुएट कोर्सेज से संबंधित सुविधाओं का जायजा लेने के लिए कॉलेज पहुंची में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग से प्रोफेसर संजीव कुमार, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस से डॉ निधि तुरान, भौतिक विभाग से डॉ विवेक गुप्ता तथा अंग्रेजी विभाग से डॉ साक्षी जैन शामिल रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉसुरेन्द्र कुमार बाजिया ने इंस्पेक्शन टीम सदस्यों का विधिवत स्वागत किया। टीम ने महाविद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर, लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं तथा विभागों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## मनरेगा मजदूर 12 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**नारनौंद।** मनरेगा सहयोग मंच के आह्वान पर वीबी (जी राम जी) के खिलाफ 12 फरवरी राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी के लिए गांव पेटवाड़, राजथल, मिलकपुर, राखी, गामड़ा में बैठकें आयोजित की गई। इस दौरान मनरेगा मजदूर बीडीपीओ कार्यालय नारनौंद इकट्ठा हुए और शहर में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक को ब्लॉक प्रधान प्रताप सिंह साहसी लोहारी व जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बैठक को संबोधित किया। मनरेगा मंच के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप लोहारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने की नई व्यवस्था जी राम जी योजना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस मौके पर मंच के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार, शीशपाल, प्रदीप सिंह, राजेश कुमार, आजाद सिंह, मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय प्रदर्शन से नदारद रहे सांसद, विधायक व पदाधिकारी

# जिला कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा बचाओ अभियान के तहत लघु सचिवालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने की।

धरने के बाद अधिकारियों को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। खास बात यह रही कि कांग्रेस की ओर से घोषित इस अभियान को कांग्रेस के ही सांसद, विधायकों व अन्य पदाधिकारियों ने धत्ता बता दिया और इसमें अभियान में शामिल होने की जरूरत नहीं समझी। कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ अभियान के तहत आंदोलन शुरू किया है।

इसके तहत जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को धरना दिया गया। जिले में कांग्रेस का एक सांसद व तीन विधायक है, जो इस अभियान से पूरी तरह नदारद रहे। इसके अलावा शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। यह पहला मौका नहीं है जब पार्टी के कार्यक्रमों से इन्होंने दूरी बनाई हो, बल्कि पार्टी के स्थापना दिवस व अन्य कार्यक्रमों में भी सांसद, विधायक व शहरी पदाधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं। पिछले दिनों कुरूक्षेत्र में हुए कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को इस बारे शिकायत भी की बताते हैं।



**हिसार।** राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### बेरोजगारी व पलायन का खतरा

लघु सचिवालय के समक्ष दिए गए धरने को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि इस नए कानून के माध्यम से रोजगार की गारंटी को खत्म कर इसे सरकारी नियंत्रण और विवेकाधीन व्यवस्था में बदल दिया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी, गरीबी और पलायन बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में महात्मा गांधी का नाम हटाना देश के इतिहास और उनके आदर्शों का अपमान है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, पूर्व प्रत्याशी भूपेन्द्र गंगवा, एचपीसीसी सदस्य दिलबाग ढांडा, धर्मवीर गोयत, योगेंद्र पाल बामल, इंटक प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण नैन, सोनू लंकेश, नरेश मलिक, कमल सहरावत, महिला जिला अध्यक्ष ग्रामीण संतोष जून, दयापाल भड़िया, मास्टर विनोद गोयल, सुरेश पंघाल, अजीत सिंह आदि शामिल रहे।

## दयानंद कॉलेज के छात्र ने इंटर कॉलेज स्टेट जूडो चैंपियनशिप में जीता पदक



**हिसार।** छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

**हिसार।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज फॉर वूमंस, रोहतक में हाल ही में हुई इंटर कॉलेज स्टेट जूडो चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) 2025-26 में यहां के दयानंद कॉलेज के छात्र मुकुल नागर ने पुरुष वर्ग के 55 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने छात्र मुकुल नागर और उसके परिजनों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष सुरजीत कौर को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष सुरजीत कौर, डॉ. चेतन शर्मा, पूजा कलोई तथा जयबीर उपस्थित रहे।

## हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्स संघ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**हिसार।** हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्स संघ का प्रदेश प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कोषाध्यक्ष दिवाकर गोयल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नायब सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास संत कबीर कुटीर में मिला। प्रतिनिधिमंडल में हिसार के जिला अध्यक्ष सोनू कौशिक, जिला कोषाध्यक्ष सुमित सहारण तथा कार्यकारिणी सदस्य संजय कौशिक, रमेश नैन और अजय सैनी शामिल रहे। जिला अध्यक्ष सोनू कौशिक ने बताया कि कई कर्मचारी 16 से 25 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 में उन्हें शामिल नहीं किया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष दिवाकर गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री ने इस मांग पर सकारात्मक विचार करने और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



**हिसार।** हेमसा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## सरकार ने न्यूनतम-अधिकतम वेतन में बढ़ाई खाई

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हेमसा जिला कोषाध्यक्ष गौरव कम्बोज की अध्यक्षता में हुई। इसमें हेमसा राज्य महासचिव हितेन्द्र सिहाग, जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा और सह सचिव मंगल सिंह, अजय छाबड़ा मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए गौरव कम्बोज ने बताया कि सरकार ने न्यूनतम वेतन और अधिकतम वेतन की खाई बहुत बढ़ा दी है। उन्होंने मांग की कि सरकार हमारी वेतन की इस मांग को सातवें वेतन आयोग में समय रहते लागू करके आठवें वेतन आयोग का लाभ दे। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हेमसा बढ़-चढ़कर भागेदारी करेगी। बैठक में मंगल सिंह, विजय रोहिल्ला, रमेश पाबड़ा, संजीव शर्मा, सुरेन्द्र, राजबाला, सरोज, कविता, संध्या, पूजा, निशा, पुष्पा, ज्योति, दलीप, रामवतार,पंकज आदि थे।

## राजकीय कॉलेज खेड़ी चोपटा में एआई के बारे में किया जागरूक



**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल एवं कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. बंता सिंह ने शिरकत की। प्लेसमेंट शहर के इंचार्ज अनिल ने उनका स्वागत किया। डॉ. बंता सिंह ने विद्यार्थियों को एआई के बारे में विस्तार से बताया कि आने वाला समय एआई का समय है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां एआई का प्रयोग नहीं होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि एआई आने वाले समय में नौकरियां को समाप्त कर देगा। ये सब गलत है। बल्कि वही व्यक्ति सफल होगा जिसके पास यह का ज्ञान एवं कौशल होगा। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष दिनेश ने अपने कुछ अनुभवों को साझा।

# आध्यात्मिक शांति से जीवन बनता है सरल

- ब्रह्माकुमारीज के पांच दिवसीय जिंदगी बने आसान महोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विधायक विनोद भयाना ने शुक्रवार को शांति सरोवर परिसर में ब्रह्मकुमारीज संस्था द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जिंदगी बने आसान महोत्सव का आध्यात्मिक वातावरण में विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में मन की शांति सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है और आध्यात्मिक जागरूकता से ही जीवन वास्तव में सरल हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस पावन वातावरण में आकर उन्हें किसी औपचारिक कार्यक्रम में नहीं, बल्कि अपने ही घर में आने जैसा अनुभव हो रहा है।



**हांसी।** कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना

उन्होंने कहा कि परिसर में प्रवेश करते ही जो शांति, अपनत्व और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है, महाशिवरात्रि आत्म-जागरण का पर्व है, जो यह संदेश देती है कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपी हुई है। जब जीवन में अंधेरा बढ़ता है, मन थक जाता है और रिश्ते बोझिल लगने लगते हैं, तब शिव का स्मरण हमें फिर से स्वयं से जोड़ता है।

जिंदगी बने आसान' विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज लगभग हर व्यक्ति यह प्रश्न करता है कि जीवन इतना कठिन क्यों हो गया है, जबकि जीवन तो ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार है। उन्होंने कहा कि रोजी-रोटी, प्रतिष्ठा और जिम्मेदारियों की दौड़ में इंसान रुककर सांस लेना, मुस्कुराना और अपनों से दिल की बातें करना भूल गया है। विधायक भयाना ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे इस पांच दिवसीय महोत्सव में भाग लेकर प्राप्त ज्ञान को केवल सुनने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने जीवन में उतारें।

## साजिश के तहत बुजुर्गों का सम्मान भत्ता काट रही सरकार : दलबीर



**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि फैमिली आईडी में आय बढ़ाकर सरकार एक साजिश के तहत बुजुर्गों का सम्मान भत्ता काटकर उनसे अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि इनेलो इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और बुजुर्गों व अन्य लाभपात्रों की लड़ाई लड़ेगी। दलबीर किरमारा शुक्रवार को उकलाना क्षेत्र के गांवों में बुजुर्गों से मिलकर उनसे बातचीत कर रहे थे। वे बुजुर्गों की पैंशन काटने के खिलाफ इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के आह्वान पर 20 फरवरी को पंचकूला में किए जाने वाले आंदोलन का न्यौता ग्रामीणों को दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जन नायक चौधरी देवीलान ने सम्मान के तौर पर मात्र 100 रुपये से यह पैंशन शुरू की थी लेकिन एक साजिश के तहत प्रदेश सरकार इसे बंद करना चाहती है। इस मौके पर सीताराम जाखड़, सुभाष किरमारा, बलबीर भांभू, निहाल सिंह व वेदपाल सिवानी भी थे।

### प्रभु पादुका सिर पर धार भरत जी रोते चले...


# संसार में हम स्वामी या मालिक नहीं, केवल मुनीम या माली हैं

- गौलोकवासी विनोद अग्रवाल की स्मृति में भक्तमाल कथा व रासलीला का छठा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन धाम एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार के तत्वाधान में गौलोकवासी विनोद अग्रवाल की स्मृति में अग्रसेन भवन में चल रही भक्तमाल कथा व रासलीला के छठे दिन वृंदावन से आये राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने लगातर तीसरे दिन भी भरत चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जैसे समुद्र का मंथन हुआ था तो सबसे पहले विष और सबसे बाद में अमृत प्रकट हुआ था।

ऐसे ही हमारे संसार के जीवन में जब मंथन होता है या जब हम भक्ति की ओर बढ़ते हैं तो पहले तो विष ही हमारे सामने आता है, अमृत तो बहुत बाद में आता है। उन्होंने बताया कि प्रभु प्राप्ति की यात्रा विष से अमृत की यात्रा है। इस संसार में हम स्वामी या मालिक नहीं हैं, हम तो केवल मुनीम या माली हैं। हमें प्रभु की एवं प्रभु की भक्ति की प्राप्ति यदि करनी है तो किसी संत अथवा गुरु के सान्निध्य में ही चलना पड़ेगा। प्रभु तो बाद में मिलते हैं, पहले प्रभु के चरण चिन्ह हमें हमारे जीवन में दिखाई देंगे।



**हिसार।** अग्रसेन भवन में आयोजित भक्तमाल कथा में प्रवचन देते संत गौरदास महाराज।

इस संसार में हम जीवन रुपी यात्रा करने आए हैं। शुरु से हमने यात्रा ही की है। पहले मां के गर्भ में 9 महीने की यात्रा की, फिर बचपन की यात्रा व जवानी की यात्रा और अंत समय में भी चार कंधों पर ही हमारी यात्रा पूरी होगी। भरत जब राम से मिलने गए तो उनकी यात्रा में कई बाधाए आई पर वे घबराये नहीं। सभी बाधाओं को पार किया।

## लिटिल स्टार इंटरनेशनल ओलंपियाड में होली चाइल्ड स्कूल ने जीते 23 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों ने सिल्वर ज़ोन लिटिल स्टार इंटरनेशनल ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इनमें 13 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं जिसमें अंग्रेज़ी विषय में 12 पदक, गणित में 10 पदक तथा ईवीएस में 1 पदक प्राप्त हुए। यूकेजी कक्षा से लोकेश, आरुषी, हिमांश, शिवाय, दर्श राय, विभोर मोर, तेजस, रुद्र, विक्रांत, रूही, राधिका एवं पूरव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एलकेजी कक्षा से विधार्थ, बानी, ईशानवी एवं गुणिका ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शिक्षिकाओं इंदु, रश्मि एवं प्रतीक्षा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी।

- विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए हुईं प्रतियोगिताएं



## आरपीएस स्कूल में हुआ किशोर शिक्षा व एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को किशोर शिक्षा एवं एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किशोरावस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं, एचआईवी/एड्स की रोकथाम तथा जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनीता शर्मा (एबीआरसी) के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया, इस कार्यक्रम में कुल 28 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता सचदेवा एवं विद्यालय निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए किशोरावस्था में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता अपनाने तथा सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

# कैंसर से लड़ाई में जागरूकता सबसे बड़ा हथियार

- सर्वेश हेल्थ सिटी एवं गुजवि ने किया कैंसर जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

समाज में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा इसके बचाव और उपचार के बारे में आमजन को शिक्षित करने के उद्देश्य से सर्वेश हेल्थ सिटी द्वारा गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक विशाल कैंसर जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा किया गया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया और अपने संबोधन में कहा कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा एवं डॉ. सरिता कालरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. उमेश कालरा ने कहा कि कैंसर डे 2026 की थीम यूनाइटेड बाय यूनीक है, जिसका मतलब है कि हर व्यक्ति की कैंसर यात्रा अलग-अलग होती है, लेकिन सभी का लक्ष्य एक ही है। कैंसर के बोझ को कम करना और बेहतर जीवन सुनिश्चित करना।




**हिसारी।** कैंसर अवेयरनेस वॉकथॉन में उपस्थित कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा व अन्य।

### 800 स्वयंसेवक हुए शामिल

इस जागरूकता वॉकथॉन में लगभग 800 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और आम नागरिक शामिल थे। इस अवसर पर रोबोटिक ऑन्को सर्जन डॉ. विकास जैन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमित अग्रवाल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्राची कालरा तथा मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक लक्षणों, आधुनिक उपचार पद्धतियों और तकनीकी प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# सर छोटू राम के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक : प्रो. नरसी राम

- गुजवि में जीजेयू-जीवन के सौजन्य से दीनबंधू सर छोटू राम जयंती व बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि 'किसान समृद्ध होगा तो गांव सशक्त होगा, गांव सशक्त होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा। दीनबंधू सर छोटू राम जी का यह संदेश वास्तव में राष्ट्र निर्माण का संदेश है। सर छोटू राम का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने किसान को दया का पात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की रीढ़ के रूप में स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत/2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए सर छोटू राम के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रो. नरसी राम बिश्नोई गुजवि तथा जीजेयू-जीवन के संयुक्त तत्वाधान में दीनबंधू सर छोटू राम जयंती एवं बसंत पंचमी समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बिजेन्द्र बड़गुर्जर तथा मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य व शिक्षा में पदमश्री अवार्डी डा. संतराम देशवाल उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार के अतिरिक्त जीजेयू-जीवन के अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश सांगवान तथा महासचिव विकास पंघाल भी मंच पर उपस्थित रहे।



**हिसार।** समारोह में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सम्मानित करते प्रो. ओम प्रकाश सांगवान।

## दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**हिसार।** गांव खरकड़ी स्थित खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय हरियाणा रग्बी 7वीं टीम सीनियर एवं अंडर-18 बालिकाओं का प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। दस दिवसीय शिविर के इस आयोजन में बाबा भैरुनाथ खेल अकेडमी, खरकड़ी का विशेष सहयोग रहा है। उद्घाटन अवसर पर प्रतिनिधि सरपंच विक्रम सोनी, होशियार सिंह, रणबीर दहिया, अमन कोच, संजू बूरा, एडवोकेट नीरज वर्मा, त्रिलोक शर्मा नियाणा,विशाखा कोच, अमित मलिक, धर्मवीर, कपिल शर्मा, प्रीतम मलिक, राजू कनोह, सोमबीर बागड़ी आदि मौजूद थे।

### सूचना

मैं, विक्रम पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी गांव काजलां, जिला हिसार हाल निवासी मोहम्मदपुर रोही जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरी पत्नी सरिता मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इससे अपने सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### निगम ने 13 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में निगम की टीम ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में बेसहारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14, पुलिस लाइन, पड़ाव चौक, शिव नगर क्षेत्र से कुल 13 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को सुरक्षित रूप गो अभ्यारण भेज दिया गया है। अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

### उद्धरण लेखन स्पर्धा में जानवी रही प्रथम

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी सोसायटी द्वारा उद्धरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जानवी ने प्रथम, आरती व कीर्ति ने द्वितीय तथा लक्ष्या व उदिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में निर्णायक की भूमिका प्राध्यापक अनुराग तथा सुश्री सोनम ने अदा की। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. यशु राय तायल द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. संगीता मलिक तथा सह-संयोजिका डॉ. रितु खुराना की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### हड़ताल के लिए मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने की बैठक

**हांसी।** राष्ट्र व्यापी हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की सिंचाई ब्रांच की बैठक शुक्रवार को सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान अशोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव संदीप फौजी ने किया ने। इस अवसर पर अशोक यादव ने कहा कि देशभर के श्रमिक संगठनों ने 12 फरवरी की हड़ताल का आह्वान किया है। यदि किसी कारणवश या नियोक्ता की दंडात्मक कार्रवाई के भय से श्रमिक हड़ताल में शामिल नहीं हो पाते हैं, तो वे कार्यस्थल से बाहर आकर सामूहिक रूप से काला बिल्ला या श्रमिक अधिनियम विरोधी बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करें। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, बलराम आदि मौजूद रहे।

### नौकरी पाने की सफलता पर हुई कार्यशाला

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल एवं इंग्लिश डिपार्टमेंट (इंग्लिश लिटरेरी सोसायटी) के संयुक्त तत्वावधान में रिज्यूमे से इंटरव्यू तकः नौकरी पाने की सफलता विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी 7 फरवरी को आयोजित जॉब फेयर के लिए एक प्रभावी रिज़्यूमे तैयार करने तथा आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार का सामना करने के लिए सक्षम बनाना था। मुख्य वक्ता डॉ. वेद भूषण ने अपने अनुभवों के आधार पर विद्यार्थियों को रिज़्यूमे निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया।

### आईटीआई की छात्राओं ने किया एक्सपोजर विजिट

**हांसी।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा क्वेस्ट एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान की छात्राओं के लिए गुरुग्राम के मानेसर स्थित मिंडा वेबपोर्ट लिमिटेड कंपनी का औद्योगिक एक्सपोज़र विजिट आयोजित किया गया। एक्सपोज़र विजिट के दौरान कंपनी के अनुभवी एवं दक्ष स्टाफ ने छात्राओं को औद्योगिक वातावरण में कार्य करने की वास्तविक प्रक्रियाओं, अनुशासन, सुरक्षा मानकों एवं आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की पेन डाउन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

# दो दिनों से जरूरी प्रमाण पत्रों पर लगे ब्रेक, 300 रजिस्ट्री भी अटकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसो. के आह्वान पर दूसरे दिन भी शुक्रवार को जिलेभर में तहसीलदार और नायब तहसीलदार पेन-डाउन हड़ताल पर रहे। तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कार्यों पर ब्रेक लग गया है। शुक्रवार को भी लोग इधर-उधर भटकते नजर आए। दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार कार्यालय का ताला तक नहीं खुला। हिसार व हांसी जिले की तहसीलों तथा सब तहसीलों में रोजाना 100 से 150 रजिस्ट्रियां होती हैं, मगर दो दिनों में करीब 300 रजिस्ट्रियां अटकी हुई हैं। सरकार का करोड़ों का राजस्व भी प्रभावित हुआ है।




हिसार। तहसील कार्यालय में सन्नाटा व फर्द लेने के लिए लगी भीड़। पटवारियों की हड़ताल खत्म होने से सिर्फ फर्द जमाबंदी निकालने का काम हो रहा है।

### इसलिए कर रहे हड़ताल

बता दें कि एसोसिएशन प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों पर की जा रही निलंबन जैसी कार्रवाई के विरोध में पेन डाउन हड़ताल पर है। इनमें रायपुर रानी के तहसीलदार विक्रम सिंगला, वजीराबाद के नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार और नारायणगढ़ (अंबाला) के तत्कालीन नायब तहसीलदार संजीव अत्री के मामले शामिल हैं। एसोसिएशन का दावा है कि इन मामलों में वैधानिक प्रक्रियाओं और कानूनी संरक्षणों का पालन नहीं किया गया।

### पसरा है सन्नाटा

हिसार व हांसी जिला में वर्तमान में 6 तहसील तथा 3 उप-तहसील हैं। तहसीलों में हिसार, हांसी, नारनौंद, बरवाला, बास और आदमपुर शामिल हैं, जबकि उप तहसील में बालसमंद, उकलाना व खेड़ी जालब शामिल हैं। तहसील और सब तहसीलों में पेन-डाउन हड़ताल के कारण सन्नाटा पसरा है।

### आदमपुर तहसील में भी कामकाज ठप

*आदमपुर। तहसीलदारों की हड़ताल के चलते शुक्रवार को दूसरे दिन भी आदमपुर तहसील में तहसीलदार व नायब तहसीलदार पेन डाउन हड़ताल पर रहे। हालांकि तहसील परिसरों में नायब तहसीलदार व तहसीलदार उपस्थित रहे लेकिन पूरे दिन कोई भी राजस्व या पंजीकरण संबंधी कार्य नहीं हुआ। रजिस्ट्री नहीं होने के चलते लोग एफिडेविट पर हस्ताक्षर करवाने, जमीन से जुड़े दस्तावेजों और अन्य राजस्व कार्यों के लिए दिनभर भटकते नजर आए और उन्हें बिना काम करवाए ही लौटना पड़ा।*



आदमपुर। विकास कार्यों का उद्घाटन करते भव्य बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व विधायक ने हलके के कई गांवों में किया विकास कार्यों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने हलके के विभिन्न गांवों में कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने खाल, चौपालों में हाल कमरे, लाइब्रेरी, गलियों सहित करोड़ों रुपये से हुए विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। भव्य बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलके में बड़े स्तर पर विकास कार्य चल रहे हैं। हरियाणा भाजपा सरकार सरकार ने युवाओं, महिलाओं, और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे प्रदेश की जनता को लाभ पहुंच रहा है। युवाओं के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, और डिजिटल इंडिया। इन योजनाओं से युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वे अपने पैरों पर खड़े हो पा रहे हैं। सरकार ने युवाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी कई सुधार किए हैं, जिससे उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

### महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर

भव्य बिश्नोई ने कहा कि महिलाओं के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, और महिला उद्यमिता। इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और वे अपने पैरों पर खड़ी हो पा रही हैं।

## अमेरिका से टैरिफ डील कर किसानों के हितों पर कुठाराघातः किसान सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी का मांगों के हल के लिए धरना लगातार जारी है। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता लक्ष्मण शाहपुर व वजीर बल्हारा ने संयुक्त रूप से की जबकि संचालन सचिव अभय राम फौजी ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए तहसील कमेटी प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभय राम फौजी ने बताया कि बजट एक जुमला है। कृषि बजट केवल तीन प्रतिशत है और अन्वेषण का मात्र .3 प्रतिशत है, जो कि किसानों की आवश्यकता को देखते हुए ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से टैरिफ डील कर सरकार ने किसानों के हितों पर कुठाराघात किया है। सरकार किसानों को पोर्टल में उलझाकर रखना चाहती है। किसान सभा नेताओं ने कहा कि बाढ़ पीड़ित किसानों को अभी तक बीमा व मुआवजा नहीं मिला है, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। किसान की आय के नाम पर बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल कार्ड व छात्रवृति काटी जा रही है।




हिसार। धरना देते किसान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### ये रहे धरने पर मौजूद

धरना में जिला प्रधान कपूर बगला, सतबीर धायल, पंकज बगला, सूबे सिंह बूरा, कमला, रतन मात्रश्याम, बलराज सहरावत, मुख्यातर सिंह, राजबीर सरपंच, ओमप्रकाश बड़छप्पर, सुरजभान डाया, महेंद्र नंबरदार, बलबीर मान, रामनारायण, विजेंद्र चौधरीवास व जसबीर आदि भी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री गंगवा ने 13.91 करोड़ रुपये की विकास परियोजना का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार के सेक्टर-1 व 4, सेक्टर-3 व 5 और मिल गेट क्षेत्र में बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था सहित समस्त विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण विकास परियोजना पर 13.91 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभावी वर्षा जल निकासी व्यवस्था समय की मांग है और इन विकास कार्यों के पूरा होने के बाद हिसार के इन क्षेत्रों में चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार जनता के धन का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कर रही है, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने मौके पर उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़ी प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।




हिसार। विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, एचएसवीपी प्रशासक सुशील कुमार, अधीक्षक अभियंता पवन कुमार, कार्यकारी अभियंता भूपेन्द्र सिंह, पार्षद मनोहर लाल, जयप्रकाश, अभिषेक शर्मा, अजय जांगड़ा, कुलदीप सोनी, अजय खट्टर, भतेरी फगाना, रमेश नायक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में अब तक 8847 शिकायतों का निपटारा, 667 लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान अब तक जिला हिसार में कुल 8847 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 5859 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 2321 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 667 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। 332 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई हैं, जबकि 41 शिकायतें विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं।

शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में वीसी के माध्यम से हरियाणा सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ की अध्यक्षता में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी दी। बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर सरकार की पैनी नजर है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझते हुए निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो। उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट को तुरंत समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बिना एटीआर के किसी भी शिकायत को निस्तारित मान्य नहीं किया जाएगा।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर, जिला परिषद की उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, एएमपी प्रदीप कुमार, डीएफसी अमित शेखावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा-चिकित्सा को खत्म करने पर तुली सरकार

**हिसार।** इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने कहा है कि हरियाणा सरकार शिक्षा और चिकित्सा को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हुई है। लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए सरकारी स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में अध्यापकों व प्राध्यापकों के 5-6 साल से खाली पड़े पदों पर भर्तियों के लिए आवेदन मंगवाते है परंतु उनकी परीक्षा व साक्षात्कार लगभग ढाई-तीन सालों के बाद होती है और जब परीक्षा के रिजल्ट निकालते है तो मुश्किल से केवल 15 से 20 प्रतिशत को पास दिखाकर बाकी सभी भर्तियां खाली रख लेते है। प्रो. संपत सिंह ने कहा कि यदि सरकारी पद तीन साल से अधिक खाली रह जाता है तो वित विभाग उसे अनावश्यक समझकर समाप्त कर देता है। उसको पूर्णसृजित करने के लिए वित विभाग से दोबारा मंजूरी लेनी पड़ती है। उसमें भी वित विभाग पदों की कटौती करके मंजूरी देता है जिसकी वजह से इन सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं की पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है।

## सेक्टर 33 में विकास की कमी नहीं रहने दी जाएगी : धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर-33 रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में प्रधान धर्मवीर पानू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासक के साथ सेक्टर की लंबित बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सेक्टरवासियों की ओर से उन मूलभूत आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया गया जो लंबे समय से प्रतीक्षित हैं। इनमें जलघर और बिजली सब-स्टेशन की स्थापना प्रमुख है, ताकि निवासियों को स्वच्छ पानी और निर्बाध बिजली की आपूर्ति मिल सके।

सामुदायिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक आधुनिक कम्युनिटी सेंटर के निर्माण और पार्कों के सौंदर्यकरण पर जोर दिया गया। सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों को बेहतर करने के उद्देश्य से, एसोसिएशन ने पूरे सेक्टर में झाड़ियों की सफाई, सीवरेज लाइनों के रखरखाव और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को बदलने की मांग की। यातायात और कनेक्टिविटी के महत्व को रेखांकित करते हुए, सेक्टर के रिंग रोड को शहर के बायपास से जोड़ने की परियोजना को जल्द शुरू करने का अनुरोध किया गया। भैंस फार्म की तरफ़ बने गंदे पानी के तालाब को बंद किया जाए आदि मांगें भी प्रशासक के सामने रखी गई। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि सेक्टर-33 हिसार का एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है, लेकिन बुनियादी ढांचे की कमी निवासियों के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रधान धर्मवीर पानू ने बताया कि एचएसवीपी प्रशासक ने आश्वासन दिया है कि गंदे तालाब के बारे में पब्लिक हेल्थ एचएसवीपी और आरडब्ल्यूए की बैठक रखी जाएग।



हिसार। प्रशासक को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रधान धर्मवीर पानू, उप प्रधान कृष्ण बिश्नोई, सचिव बलविंदर सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर निहारिका चौहान, अशोक भुटानी, टेकराम पूनिया, दयानंद भुक्कल, धर्मपाल कस्वां, सुनील कुमार शर्मा, दिनेश मेहता व उमेश कटारिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पेड़ काटने के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**आदमपुर।** तहसील परिसर में पिछले महीने एक व्यक्ति द्वारा पेड़ काटने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पर्यावरण प्रेमियों तथा वकीलों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पेड़ काटने के आरोपी पर कार्रवाई की मांग उठाई, ताकि ऐसी पुनरावृत्ति न होने पाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी ज्ञापन दिया गया था लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

## गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही मैकाले मॉडल का व्यावहारिक विकल्प : स्वामी आर्यवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरुकुल धीरणवास में आयोजित वार्षिक उत्सव मे वैचारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक चेतना, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गंभीर मंथन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि लॉर्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली भारतीय समाज की सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली भारतीय परंपरा के अनुरूप न केवल ज्ञान, बल्कि चरित्र, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्माण करती है। गुरुकुल धीरणवास के प्रधान स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आज देश को ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो केवल नौकरी पाने का माध्यम न होकर जीवन निर्माण की प्रक्रिया बने। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को आत्मनिर्भर, नैतिक और समाज के प्रति उत्तरदायी बनाती है। यदि हमें सामाजिक समानता, नारी सम्मान और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करना है, तो शिक्षा की दिशा बदलनी होगी। गुरुकुल परंपरा ही भारतीय समाज को उसकी जड़ों से जोड़कर भविष्य की ओर ले जा सकती है।" कार्यक्रम में समाजसेवी विनोद पुनिया ने कहा कि चरित्रवान और संस्कारयुक्त युवा ही किसी भी देश की वास्तविक शक्ति होते हैं।




हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन पूनम आर्या, सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन प्रवेश आर्या, आचार्य देवदत्त शास्त्री, प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य कुलदीप आर्य, गुरुकुल के मंत्री सत्यप्रकाश आर्य, दलबीर आर्य, कैप्टन सुबेसिंह आर्य, किसान नेता सत्यपाल अग्रवाल, अजमेर सिंह, भूप सिंह आर्य, शमशेर नंबरदार, मनीराम गोयल, कृष्ण सैनी आदि मौजूद थे।

## राजकीय कॉलेज की छात्राओं को दिया ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण




**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय नारनौंद द्वारा प्राचार्य डॉ. पंकज गोयत के शीर्ष मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ट प्रभारी डॉ. सुचेता द्वारा ब्यूटीशियन ट्रैनिंग से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीए, बीकॉम, बीएससी, एम.काम की छात्राओं ने भाग लिया तथा कार्यशाला में छात्राओ को थ्रेड प्रैक्टिस, वैक्सिंग, फेशियल, सेल्फ मैक-उप, हेयर कटिंग, विभिन्न तरह के हेयर स्टाइल सिखाए गए। छात्राओं ने पूर्ण रुचि से इस कार्यशाला का लाभ उठाया। डॉ. सुचेता ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ ऐसा काम भी करना चाहिए जिससे कि वे अपना खुद का काम करके अपने पैरों पर खड़े हो सके। इसलिए सभी को हाथ की कलां से निपुण जरूर होना चाहिए। इसी मकसद से कॉलेज की छात्रों को ब्यूटीशियन के टिप्स दिए गए है। इस कार्यशाला को सफल बनाने में में प्राध्यापिका डॉ नेहा, सुनीता, डॉ मोनू, डॉ मंजीत, डॉ मनीता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।